Seventeenth Loksabha

an>

Illegal mining activities in Bharatpur Parliamentary Constituency, Rajasthan

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान क्षेत्र की एक विशेष समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं।

महोदय, मैंने दिनांक 28.05.2022 को मेरे लोकसभा क्षेत्र भरतपुर (राजस्थान) में स्थित ग्राम नांगल में लगी क्रेशरो का निरीक्षण किया और पाया कि वहां पर लम्बे समय से पहाड़ों को इस प्रकार खोदा गया है कि जमीन में से एक नदी की तरह पानी निकल आया। इन लोगों द्वारा लाखों टन अवैध खनन किया जा चुका है जिससे राजस्व और पर्यावरण को भी भारी नुकसान हुआ है क्योंकि पहाड़ों को ही खत्म कर दिया, जमीन में से पानी निकाल दिया और जो प्लाट ई-ऑक्शन होने थे वो गायब हो गये हैं, क्योंकि निश्चित रूप से अवैध खनन करने वालों को पूर्ण संरक्षण मिलता है, इस बात को बार-बार छुपाया जा रहा है। अवैध खनन के निरीक्षण के दौरान कई बार मेरे ऊपर हमले भी हुए हैं जिसके सम्बन्ध में मैने पुलिस को भी कई बार लिखा है, परन्तु पुलिस द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। महोदय, मेरा माननीय गृह मंत्री जी से निवेदन है उक्त प्रकरण के संबंध में केन्द्रत सरकार अपना हस्तक्षेप कर इस प्रकरण की जाँच ई.डी. अथवा सीबीआई से कराई जाए ताकि धार्मिक नगरी के पर्यावरण को बचाया जा सके।